N.C.R.B/एन.सी.आर.बी
I.I.F.-I /एकीकृत जाँच फार्म-I

# FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट )
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2025

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0071 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 26/03/2025 17:07 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 7(c) |
| 2 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 12 |
| 3 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 13(1)(a) |
| 4 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 13(2) |
| 5 | भा दं सं 1860 | 420 |
| 6 | भा दं सं 1860 | 467 |
| 7 | भा दं सं 1860 | 468 |
| 8 | भा दं सं 1860 | 471 |
| 9 | भा दं सं 1860 | 474 |
| 10 | भा दं सं 1860 | 197 |
| 11 | भा दं सं 1860 | 198 |
| 12 | भा दं सं 1860 | 409 |
| 13 | भा दं सं 1860 | 120-B |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. **Day(दिन):** | दरमियानी दिन | **Date From (दिनांक से):** | 01/01/2022 | **Date To (दिनांक तक):** | 31/12/2023 |
| **Time Period (समय अवधि):** | पहर | **Time From (समय से):** | 09:00 बजे | **Time To (समय तक):** | 18:00 बजे |
| (b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** | | **Date (दिनांक):** | 26/03/2025 | **Time (समय):** | 16:00 बजे |
| (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** | | **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** | 006 | **Date & Time (दिनांक एवं समय)** | 26/03/2025 17:07:54 बजे |

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** EAST, 50 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b) **Address(पता):** RAJKIYA CHIKITSALAYA DAUSA

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

**Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** BALRAM SINGH MEENA

(b) **Father's/Mother's/Husband's Name (पिता / माता / पति का नाम):**

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 01/01/1969 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|
| | | |

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| **S.No. (क्र. सं.)** | **Address Type (पता का प्रकार)** | **Address (पता)** |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | Needar, Aamer, HARMARA, JAIPUR (WEST), RAJASTHAN, |

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|
| | | |

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | INDIA |
| 2 | स्थायी पता | Needar, Aamer, HARMARA, JAIPUR (WEST), RAJASTHAN, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):** [redacted]

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MUKESH KUMAR SIROWA | | पिता:GANESHA RAM | 1. GANW POST MANOTA KALAN,KHETARI,JHUNJHUNU,RAJASTHAN,INDIA |
| 2 | GHANSHYAM MEENA | | पिता:NATHULAL MEENA | 1. BHEELAPADA,NADOTI,MAHAVEERJI,KARAULI,RAJASTHAN,IN |
| 3 | MANOHAR LAL YADAV AND OTHERS | | पिता:JAGDISH PRASAD YADAV | 1. GANW KHORA LAXMANGARH,LAXMANGARH(ALWAR),ALWAR,RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**
9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्य | विविध | राज्य सरकार को कई लाखो रूपये की प्रत्येक्ष हानि पहुचाना | |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

निवेदन है कि राजस्थान का 0.50 प्रतिषत भौगोलिक क्षैत्र खनन के अंतर्गत सम्मिलित है, खनन एवं खनन से जुड़ी हुई क्रियाओं के अन्तर्गत कार्यरत श्रमिकों के खनन, पत्थर घडाई, पत्थर तोड़ने, पत्थर पीसकर पाउडर बनाने, मिट्टी बनाने, सेंडस्टोन से मूर्ति बनाने जैसे काम करते हुए लगातार धूल के संपर्क में रहने के कारण न्यूमोकोनियोसिस (सिलिकोसिस) नामक बीमारी हो जाती है। यह ऐसे श्रमिकों के फेफड़ों में धूल जमने के कारण धूल से फेफड़ों में गांठे बना देती है। जिससे पीड़ित को श्वास लेने में कठिनाई होने लगती है और कुछ वर्षों बाद फेफड़े काम करना बंद कर देते हैं। राज्य में सिलिकोसिस पीड़ित एवं उनके परिवारजनों की सहायता एवं पुनर्वास हेतु राज्य सरकार ने राजस्थान में न्यूमोकोनियोसिस (सिलिकोसिस) नीति लागू की गई है। नीति के मुख्य उद्देश्य पीड़ितों की जांच, प्रमाणीकरण, उपचार एवं उनके आश्रितों को सहायता एवं पुनर्वास प्रदान तथा रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण की व्यवस्था तथा इस रोग के प्रति जागरूक करना है। इस सिलिकोसिस रोग के प्रमाणीकरण पर रोगी को 3 लाख रूपये की सहायता राशि देय है तथा रोगी की मृत्यु के उपरान्त उसके नामित/परिवारजनों को 2 लाख रूपये एवं अंतिम संस्कार हेतु 10 हजार रूपये सहायता देय है। यह जनहितकारी/लाभकारी योजना सरकार द्वारा वंछितों को सहायता प्रदान करने के लिये लागू की गई है। परंतु राजकीय जिला चिकित्सालय जिला दौसा में पदस्थापित डॉक्टर मुकेष कुमार सिरोवा निवासी-गॉव/पोस्ट मानोता कलान खेतडी मोबाईल न0 [redacted] एवं श्री मनोहर लाल यादव रेडियोग्राफर निवासी-खोरा लक्ष्मणगढ अलवर मो0 [redacted], श्री घनष्याम मीणा रेडियोलोजिस्ट निवासी- भीलापाडा तह0 नादौती जिला करौली मो0 [redacted] ने आपसी मिलीभगत कर श्री रामअवतार गुर्जर पुत्र श्री हरसहाय निवासी-बिन्दढवाडा,ब्राह्मण बैराडा सिकन्दरा जिला दौसा मो0 [redacted] राजस्थान सिलिकोसिस पोर्टल संख्या 22112810502682 के जरिये फर्जी सिलिकोसिस प्रमाण पत्र के आधार पर दिनांक 06.07.23 को 3,00,000/- रूपये खाता संख्या 61167060782 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा त्रिमूर्ति धर्मकांटा के सामने बांदीकुई रोड सिकन्दरा दौसा ने प्राप्त किये। डॉ0 मुकेष कुमार सिरोवा मेडिकल ऑफिसर ने अपने पदस्थापन की समयावधि राजकीय चिकित्सालय जिला दौसा में, श्री मनोहर लाल यादव रेडियोग्राफर श्री घनष्याम मीणा रेडियोलोजिस्ट ने श्री रामअवतार से आपसी मिलीभगत कर रामअवतार गुर्जर को फर्जी सिलिकोसिस प्रमाण जारी कर उसको राज्य सरकार की जनहितकारी योजना का गलत तरीके से राजकोष को हानि पहुॅचाने के उद्देष्य से 3,00,000/-रूपयों का भूगतान करवाया गया। इसी संदर्भ में डॉ0 मुकेष कुमार सिरोवा मेडिकल आफिसर द्वारा अपने उक्त कार्यकाल में पदस्थापित रहते हुये 64 सिलिकोसिस नये पोर्टल पर आवेदनकर्ताओं के रोग की जॉच की जिसमें से 10 ऐेसे लाभार्थियों को संबंधित रेडियोग्राफर व रेडियोलोजिस्ट से मिलीभगत कर अन्य लाभार्थियों को जो सिलिकोसिस रोग पीडित नहीं थे। उनकों रेडियोग्राफर एवं रेडियोंलोजिस्ट व अयोग्य लाभार्थियों से आपसी मिलीभगत कर दलालों के मार्फत भारी रिष्वत राषि प्राप्त कर फर्जी सिलिकोसिस प्रमाण पत्र जारी किये जिससे राज्य सरकार को कई लाखों रूपयों की हानि पहुॅची। इस संबंध में उक्त लोक सेवकों के खिलाफ उनके द्वारा पद का दुरूपयोग करने के संबंध में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संषोधित 2018) की धारा 17ए के अन्तर्गत सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त की जा चुकी है जो मुख्यालय के आदेष क्रमांक 4013-15 दिनांक 02.08.24 के तहत प्राप्त की गई है। इस प्रकार डॉ0 मुकेष कुमार सिरोवा मेडिकल आफिसर राजकीय चिकित्सालय दौसा एवं श्री मनोहर लाल यादव रेडियोग्राफर श्री घनष्याम मीणा रेडियोलोजिस्ट में अपने पद का दुरूपयोग करते हुये अपने पद व हैसियत का दुरूपयोग करते हुये राज्य सरकार की जनकल्याणकारी निति के अन्तर्गत आने वाले योग्य लाभार्थियों का हक छिनते हुये 10 अयोग्य व्यक्तियों को गलत तथ्यों के आधार पर दलालों के मार्फत भारी रिष्वत राषि प्राप्त कर फर्जी सिलिकोसिस रोग प्रमाण पत्र जारी किया जिससे लाभार्थियों के खातों में राजस्थान सरकार के विभाग निदेषालय विषेष योग्यजन के खाते से कई लाखों रूपयों का भूगतान कर राज्य सरकार को प्रत्यक्ष रूप से हानि पहुचायी। इस प्रकार डॉ0 मुकेश कुमार सिरोवा मेडिकल आफिसर राजकीय चिकित्सालय दौसा एवं श्री मनोहर लाल यादव रेडियोग्राफर, श्री घनश्याम मीणा रेडियोलोजिस्ट व अन्य का यह कृत्य धारा 7 (ग )12,13(1)ए13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) तथा 420,467,468,471,474,197,198,409 सपठित 120 बी भा0दं0सं0 का अपराध की श्रेणी में पाया जाने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट का प्रारूप वास्ते अग्रीम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है। ( ज्ञान प्रकाश नवल ) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर-चतुर्थ जयपुर...........कार्यवाही पुलिस.......... प्रमाणित किया

जाता है कि उपरोक्त टाईप शुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री ज्ञान प्रकाश नवल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो,जयपुर नगर-चतुर्थ जयपुर ने प्रेषित की है मजमून रिपोर्ट से जुर्म अर्न्तगत धारा 7 (ग )12,13(1) ए13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) तथा 420,467,468,471,474,197,198,409, सहपठित धारा 120 बी भा0दं0सं0 में आरोपीगण 1- डॉक्टर मुकेश कुमार सिरोवा पुत्र श्री गणेशा राम उम्र 42 साल निवासी-गॉव/पोस्ट मानोता कलान खेतडी जिला झूझुनू मेडिकल आफिसर जिला चिकित्सालय दौसा हाल टी.बी. क्लिनीक जिला डूंगरपुर 2- श्री घनश्याम मीणा पुत्र नाथूलाल मीणा उम्र 61 साल निवासी- भीलापाडा तह0 नादौती जिला करौली। तत्का रेडियोलोजिस्ट जिला चिकित्सालय दौसा हाल जिला चिकित्सालय अलवर 3- श्री मनोहर लाल यादव पुत्र श्री जगदीश प्रसाद यादव उम्र 48 साल निवासी-गॉव खोहरा लक्ष्मणगढ अलवर तत्का रेडियोग्राफर जिला चिकित्सालय दौसा हाल प्रमुख चिकित्सा अधिकारी उप जिला चिकित्सालय वैर भरतपुर 4- अन्य के विरूद्ध पंजिबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियाँ नियमानुसार जारी की गई। उक्त प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी अधिकारी श्री सुरेश कुमार स्वामी, उप पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर-तृतीय को मनोनीत किया गया है उक्त की रोजनामचा आम रिपोर्ट 384 पर अंकित है।(डॉ. प्यारे लाल शिवरान) पुलिस अधीक्षक-प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर। क्रमांक 410-16 दिनांक 26-03-2025 प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित है:–1-विशिष्ट न्यायधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, जयपुर क्रम संख्या-2, जयपुर। 2-उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर। 3-शासन उप सचिव, कार्मिक (क-3/शिकायत), राजस्थान, जयपुर। 4- निदेशक (अराजपत्रित) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर 5- निदेशक (जन स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर 6-अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर-चतुर्थ जयपुर।7-अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-परिवाद,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर (आर.नम्बर 6154) पुलिस अधीक्षक-प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।

13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
**(की गई कार्यवाही: चूँकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता हैं कि अपराध करने का तरीका मद सं.2 में उल्लेख धारा के तहत हैं):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जाँच के लिए लिया गया):**

**or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.): (जाँच अधिकारी का नाम ):** SURESH KUMAR SWAMI **Rank (पद):** उप अधीक्षक पुलिस/पुलिस उपाधीक्षक

**No(सं.):** **to take up the Investigation (को जाँच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or(या)**

(3) **Refused investigation due to (जाँच के लिए) :**

**or (के कारण इंकार किया, या)**

(4) **Transferred to P.S.(थाना):** **District (जिला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .**

F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.

**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गई, सही दर्ज हुई माना और एक प्रति निःशुल्क शिकायतकर्ता को दी गई।)**
**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)**

14. Signature/Thumb impression of the complainant / informant
(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):

Signature of Officer in charge, Police Station
(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

Signed by: Pyare Lal Shivran
Location: Rajasthan,IN
Date: 26/03/2025 17:

15. Date and time of dispatch to the court
(अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):

Name(नाम): DR PYARE LAL SHIVRAN

Rank (पद): SP (Superintendant of Police)

No(सं.):

[redacted]



Attachment to Item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )
(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 1983 | | | | |
| 2 | Male | 1964 | | | | |
| 3 | Male | 1977 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा /बोली) | Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.
(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)